श्रीवीतरागाय नमः

सरलनित्यपाठ संग्रह

—: संग्रहकर्त्ता :—

पं० कस्तूरचन्दजी छावड़ा, "विशारद"

(प्रकाशक)

छोटेलाल परमानन्द जैन

देवरी (सागर) C. P.

प्रथम संस्करण } २४५० { न्योछावर ।।।) मात्र

प्रकाशकीय निवेदन।

वन्धुवो ! आज आपको हम एक ऐसी चीज भेंट कर रहे हैं जो प्रतिदिन काममें आनेवाली, है परदेशमें चले जाइये बस इस एक पुस्तकको रख लेनेसे ३५ तरहके स्तोत्र, आदिका काम इससे निकल आवेगा। अभीतक जितने भी गुटका, संग्रह आदि छपें हैं किसीका कागज खराब है, किसीके अक्षर छोटे हैं, तो किसीका मूल्य अधिक है यह शिकायतें बराबर रहा करती थीं। इन सब बातोंको ध्यानमें रखकर हमने अच्छे चिकने मोटे कागजपर बड़े २ अक्षरोंमें शुद्धताके साथ पं० कस्तूरचन्दजी छावड़ा द्वारा इस उपयोगी **"सरल नित्यपाठ संग्रह"** संग्रह छपवाया है अभी तक इस कार्यालयसे बहुत पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं तथा भविष्यमें अन्यान्य उपयोगी ग्रन्थ प्रकाशित करनेकी योजना की जायगी।

॥) जमा कराके ग्रन्थमाला ग्राहक हो जानेपर तमाम ग्रन्थ और पुस्तकें पौनी कीमतमें बराबर मिलती रहेंगीं। आज ही ग्राहक श्रेणीमें नाम लिखाइये।

निवेदक—

श्रुतपंचमी
जेष्ठ शुक्ला ५ सं० १९८१
सागर

सिंघई छोटेलाल परमानन्द
मालिक—जैनग्रंथ कार्यालय, देवरी (सागर)

विषय सूची।

नं०	नाम	पृष्ट
१	नमस्कार मन्त्रादि	१
२	वर्तमान तीर्थंकरों की नामावली	२
३	फुटकर द्रव्योंके मन्त्र	३
४	पांच दर्शन	५
५	दर्शन स्तुति	७
६	स्वयम्भू स्तोत्र	८
७	दौलतरामजी कृत स्तुति	१२
८	बुधजन कृत स्तुति	१५
६	भूधरकृत स्तुति	१६
१०	„ दूसरी स्तुति	१७
११	„ गुरु स्तुति	१८
१२	„ „	२०
१३	सरस्वती स्तवन (पं० नाथूरामजी प्रेमीकृत) ...	२१
१४	जिनवाणी माताकी स्तुति	२५
१५	निर्वाणकांड (भाषा)	२५
१६	आलोचना पाठ	२६
१७	सामायक पाठ	३४

१८	पंच मंगल (रूपचन्दजी पांडेकृत) …	४१
१९	अभिषेक पाठ … … …	५१
२०	पंचामृत अभिषेक … … …	५६
२१	देवशास्त्र गुरुकी पूजा … …	५९
२२	वीसतीर्थंकर पूजा … … …	६५
२३	सिद्ध पूजा … … …	६९
२४	चतुर्विंषति जिनपूजा … … …	७५
२५	चन्द्रप्रभु जिनपूजा … … …	७९
२६	श्रेपके अर्घ … … …	८७
२७	शांतिपाठ विसर्जन … … …	८९
२८	भाषा स्तुति पाठ … … …	९२
२९	कल्याण मंदिर स्तोत्र … …	९५
३०	एकीभाव स्तोत्र … … …	१०२
३१	बारह भावना (भाषा) … …	१०८
३२	भक्तामर स्तोत्र (मूल) … …	१११
३३	मोक्ष शास्त्र (तत्वार्थ सूत्र) … …	११९
३४	छहढाला (दौलतराम जी कृत) … …	१४०
३५	महावीराष्टक (पं० गजाधरलालजी न्यायतीर्थ कृत)	१५९

सरल नित्यपाठ संग्रह

एक व्रती श्रावक नित्य पाठ कर रहा है।

ॐ

सरलजैननित्यपाठसंग्रह।

नमस्कार मंत्रादि।

गाथा।

णमो अरहंताणं, णमो सिद्धाणं णमो आइ-रीयाणं। णमो उवज्झायाणं, णमो लोए सव्व-साहूणं ॥१॥

चत्तारि मंगलं—अरहंत मंगलं। सिद्ध मंगलं। साहु मंगलं। केवलिपण्णत्तो धम्मो मंगलं ॥१॥ चत्तारि लोगुत्तमा—अरहंत लोगु-त्तमा। सिद्ध लोगुत्तमा। साहु लोगुत्तमा। केवलिपण्णत्तो धम्मो लोगुत्तमा ॥२॥ चत्तारि सरणं पव्वज्जामि अरहंत सरणं पव्वज्जामि। सिद्ध सरणं पव्वज्जामि। साहु सरणं पव्वज्जामि। केवलिपण्णत्तो धम्मो सरणं पव्वज्जामि ॥ ओं झौं झौं स्वाहा ॥

वर्तमान चौबीस तीर्थंकरोंके नाम।

कवित्त ३१ मात्रा।

ऋषभ अजित संभव अभिनंदन, सुमति पद्म सुपास जिनचंद। पुहपदंत शीतल श्रेयांस प्रभु, वासुपूज्य प्रभु विमल सुछंद॥ स्वामि अनंत धर्म प्रभु शांति सु, कुंथु अरह जिन मल्लि अनंद। मुनिसुव्रत नमि नेमि पास, वीरेश सकल वंदौं सुखकंद॥

श्रीऋषभः १ अजितः २ संभवः ३ अभिनंदनः ४ सुमतिः ५ पद्मप्रभः ६ सुपार्श्वः ७ चंद्रप्रभः ८ पुष्पदंतः ९ शीतलः १० श्रेयांसः ११ वासुपूज्यः १२ विमलः १३ अनंतः १४ धर्मः १५ शांतिः १६ कुंथुः १७ अरः मल्लिः १९ मुनिसुव्रतः २० नमिः २१ नेमिः २२ पार्श्वनाथः २३ महावीरः २४ इति वर्तमानकाल संबंधि चतुर्विंशतितीर्थंकरेभ्यो नमो नमः॥

इस प्रकार बोलकर सष्टांग नमस्कार करना चाहिये। नमस्कारके पश्चात् पूजनके लिये अक्षित चढ़ाना हों, तो नीचे लिखे पद्य तथा मंत्र पढ़े।

गीता छंद ।

यह भवसमुद्रअपार तारण, के निमित्त सुविधि ठई । अति दृढ परमपावन जथारथ भक्ति वर नौका सही ॥ उज्जल अखंडित सालि तंदुल, पुंज धरि त्रयगुण जचूं । अरहंत श्रुत सिद्धांत गुरुनिरग्रंथ नितपूजा रचूं ॥ १ ॥

दोहा ।

तंदुल सालि सुगंध अति, परम अखंडित बीन ।
जासौं पूजौं परमपद, देव शास्त्र गुरु तीन ॥

पुष्पोंसे पूजन करना हो तो नीचे लिखा पद्य पढ़कर चढ़ावे ।

जे विनयवंत सुभव्य-उरअंबुज-प्रकाशन भान हैं । जे एकमुखचारित्र भाषत, त्रिजगमाहि प्रधान हैं । लहि कुंदकमलादिक पहुप, भव भव कुवेदनसों बचूं । अरहंत श्रुतसिद्धान्त गुरुनिरग्रंथ नित पूजा रचूं ॥२॥

दोहा ।

विविधभांति परिमल सुमन, भ्रमर जास आधीन ।
तासौं पूजौं परमपद, देव शास्त्र गुरु तीन ॥

ओं ह्रीं देवशास्त्रगुरुभ्यः कामबाणविध्वंसनाय

पुष्पं निर्वपामीति स्वाहा ॥ २ ॥

किसीको लौंग, बादाम, इलायची या कोई प्रासुक फल चढाना हो तो नीचे लिखे पद्य और मंत्र पढ़कर चढ़ावे ॥

लोचन सुरसना घ्राण उर, उत्साहके करतार हैं।
मोपै न उपमा जाय बरणी, सकल फल गुण सार हैं।
सो फल चढावत अर्थ पूरन, सकल अमृतरस सचूं। अरहंत श्रुत०॥३॥

दोहा।

जे प्रधान फल फलविषैं, पंचकरण—रसलीन।
जासौं पूजौं परमपद, देव शास्त्र गुरु तीन ॥३॥
ओं ह्रीं देवशास्त्रगुरुभ्यो मोक्षफलप्राप्तये फलं निर्वपामीति स्वाहा ॥३॥

किसीको अर्घ चढ़ाना हो, तो नीचे लिखे पद्य व मंत्र बोले।

जल परम उज्जवल गंध अक्षत, पुष्प चरु दीपक धरूं। वर धूप निर्मल फल विविध, वहु जनमके पातक हरूं॥ इह भांति अर्घ चढ़ाय नित भवि, करत शिवपंकति मचूं। अरहंत श्रुत-सिद्धांत गुरुनिरग्रंथ नितपूजा रचूं ॥ ४ ॥

दोहा।

वसुविधि अर्घ संजोयके, अति उछाह मन कीन।

जासौं पूजौं परम पद, देव शास्त्र गुरु तोन ॥४॥

ओं ह्रीं देवशास्त्रगुरुभ्योऽनर्घ्यपदप्राप्तये अर्घं निर्वपामीति स्वाहा ॥ ४ ॥

इति नमस्कारमंत्रादि ॥१॥

(२)

दर्शन ।

छप्पय ।

देखे श्रीजिनराज, आज सब विघन-विलाये ।
देखे श्रीजिनराज, आज सब मंगल आये ॥
देखे श्रीजिनराज, काज करना कछु नाहीं ।
देखे श्रीजिनराज, हौंस पूरी मनमाहीं ॥
तुमदेखे श्रीजिनराजपद, भोजलअंजुलिजलभया
चिंतामनिपारसकल्पतरु, मोहसबनिसोंउठिगया

२

देखे श्रीजिनराज, भाज अघ जाहिं दिसंतर ।
देखे श्रीजिनराज, काज सब होंइ निरंतर ॥
देखे श्रीजिनराज, राज मनवांछित करिये ।
देखे श्रीजिनराज, नाथ दुख कबहु न भरिये ॥

तुम देखे श्रीजिनराजपद, रोम रोम सुख पाइए
धनिआजदिवसधनिअबघरी, माथनाथकौंनाइए

३—४

धन्य धन्य जिनधर्म, कर्मकौं छिनमैं तोरै ।
धन्य धन्य जिनधर्म परमपदसौं हित जोरै ॥
धन्य धन्य जिनधर्म, भर्मको मूल मिटावै ।
धन्य धन्य जिनधर्म, शर्मकी राह बतावै ॥
जगधन्यधन्यजिनधर्म यह, सोपरगटतुमनैं किया
भवखेत पाप-तप तपतकौं, मेघरूप है सुख दिया
तब विलंब नहिं कियो, चीर द्रौपदिको बाढ्यो ।
तब बिलंब नहिं कियो, सेठ सिंहासन चाढ्यो ॥
तव बिलम्ब नहिं कियो, सियातैं पावक टार्‌यो ।
तव बिलंब नहिं कियो, नीर मातंग उबार्‌यो ॥
इहविधि अनेक दुख भगतके, चूर दूर किये
सुख अवनि। प्रभु मोहिं दुःख नासनि विषैं अब
विलम्ब कारन कवन ॥

५

कियो भौनतैं गौन, मिटी आरति संसारी ।

राह आन तुम ध्यान, फिकर भाजी दुखकारी ॥
देखे श्री जिनराज, पापमिथ्यात विलायो ।
पूजा श्रुति बहु भगति, करत सम्यकगुन आयो
इस असार संसारमैं, कल्पवृक्ष तुम दरस है ।
प्रभु मोहि देहु भौ भौविषै, यह वांछा मन सरसहै ॥

दर्शन स्तुति ।

छप्पय ।

तुव जिनिंद दिट्ठियौ, आज पातक सब भज्जे ।
तुव जिनिंद दिट्ठियौ, आज वैरी सब लज्जे ॥
तुव जिनिंद दिट्ठियौ, आज मैं सरवस पायौ ।
तुव जिनिंद दिट्ठियौ, आज चिंतामणि आयो ॥
जै जै जिनिंद त्रिभुवन तिलक, आज काज मेरो सरयो । कर जोरि भविक विनती करत, आज सकल भव दुख टरयौ ॥ १ ॥
तुव जिनिंद मम देव, सेवमैं तुमरी करिहौं ।
तुव जिनिंद मम देव, नाम तुम हिरदै धरिहौं ॥
तुव जिनिंद मम देव, तुही साहिब मैं वन्दा ।
तुव जिनिंद मम देव, मही कुमुदनि तुव चंदा ॥

जै जै जिनिंद भवि कमल रवि, मेरो दुःख नि-वारिकै। लीजै निकाल भव जालतैं, अपनो भक्त विचारिकै ॥ २ ॥

स्वयंभू स्तोत्र ।

चौपाई।

राज विषै जुगलन सुख किया। राज त्याग भवि सिवपद दिया ॥ स्वयंबोध स्वंभू भगवान वन्दौं आदिनाथ गुनखान ॥१॥ इन्द्र छीरसागर जल लाय। मेरुन्हुलाए गाय बजाय ॥ मदन विनासक सुख करतार। वन्दौं अजित अजित पदधार ॥ २ ॥ सकल ध्यान करि करम विनास। घाति अघाति सकल दुखरास ॥ लह्यो मुक्ति-पद सुख अविकार। वन्दौं सम्भव भवदुख टार ॥ ३ ॥ माता पच्छिम रयनमझार। सुपने सोलै देखे सार ॥ भूप पूछि फल सुन हर खाय। वन्दौं अभिनन्दन मन लाय ॥ ४ ॥ सब कुवादवादी सिरदार। जीते स्याद्वाद धुनि धारि ॥ जैनधरमपरकासक स्वाम। सुमति

देव पद करौं प्रनाम ॥ ५ ॥ गरभ अगाऊ धन-
पति आय । करी नगर सोभा अधिकाय॥ वरखे
रतन पंचदश मास । नमों पद्म प्रभु सुखकी
रास ॥ ६ ॥ इन्द्र फनिंद्र नरिन्द्र त्रिकाल । वानी
सुनि २ होहिं खुस्याल ॥ वारह सभा ज्ञानदा-
तार । नमों सुपारसनाथ निहार ॥ ७ ॥ सुगुन
छियालिस हैं तुम माहिं । दोष अठारह कोऊ
नाहिं ॥ मोह महातमनाशक दीप । नमों चंद
प्रभु राख समीप ॥ ८ ॥ वारह विध तप करम
विनास । तेरह भेद चरित परकास॥ निज अनि
च्छ भवि इच्छकदान । वन्दों पहुपदन्त मन
आन ॥ ६ ॥ भवि सुखदाय सुरगतैं आय ।
दसविध धर्म कह्यो जिनराय ॥ आप समान
सवनि सुखदेह । वन्दों सीतल धरि मन नेह ॥
१० ॥ समता सुधाकोपविपनाश । द्वादशांगवानी
परकास ॥ चारि संघ आनन्ददातार । नमों
श्रिअंस जिनेसुर सार ॥११॥ रतनत्रय सिरमुकुट
विशाल । शोभै कंठ सुगुन मनिमाल ॥ मुकत-

नारि-भरता भगवान। वासु, पूज्य वन्दौं धरि ध्यान॥ १२॥ परम समाधि सरूप जिनेस। ज्ञानी ध्यानी हितउपदेश॥ करम नास शिवसुख विलसंत। वन्दौं विमलनाथ भगवन्त॥ १३॥ अन्तर वाहर परिग्रह डार। परम दिगम्वर व्रत कौं धार॥ सरव जीव हित राह दिखाय। नमौं अनन्त वचन मन काय॥ १४॥ सात तत्त्व पंचासति काय। अरथ नवों छ दरव वहु भाय॥ लोक अलोक सकल परकास। वन्दौं धर्मनाथ अघनास॥ १५॥ पंचमचक्रवर्ति निधि भोग। कामदेव द्वादसम मनोग॥ सांति करन सोलम जिनराय। शांतिनाथ वन्दौं हरषाय।१६।बहु थुति करैं हरष नहिं होय। निंदैं दोष गहैंनहिं सोय॥ सीलवान परब्रह्म स्वरुप। वंदौ कुंथुनाथ शिव भूप॥ १७॥ वारह गन पूजैं सुखदाय। थुति वंदना करैं अधिकाय॥ जाको निज थुति कवहुं न होय। वन्दौं अर जिनवरपद दोय॥ १८॥ परभौ रत्नत्रय अनुराग। इस भौ व्याह

समय वैराग ॥ बालब्रह्म पूरन ब्रत धार । बन्दौं मल्लिनाथ जितमार ॥ १९ ॥ विन उपदेश स्वयं वैराग थुति लौकांत करैं पग लाग ॥ "नमःसिद्ध कहि सब ब्रत लेहिं, बन्दौं मुनिसुब्रत ब्रत देहिं ॥ २० ॥ श्रावक विद्यावन्त निहार । भगति भाव सो दियो अहार ॥ वरखे रतनराशि ततकाल । बन्दौं नमि प्रभु दीनदयाल ॥ २१ ॥ सब जीवन की वन्दी छोर । राग दोष दोउ बन्धन तोर ॥ रजमति तजि शिवतियसों मिले । नेमिनाथ बन्दौं सुखनिले ।२२। दैत्य कियो उपसर्ग अपार । ध्यान देखि आयो फनिधार ॥ गयो कमठ शठ मुख करि श्याम । नमौं मेरुसम पारस स्वाम ॥ २३ ॥ भवसागरतैं जीव अपार । धरमपोत मैं धरे निहार ॥ डूबत काढ़े दया विचार । वर्धमान बंदौं बहुबार ॥ २४ ॥

दोहा

चौवीसौ पदकमलजुग, बंदौ मन वच काय ।
द्यानत पढ़ै सुनैं सदा; सो प्रभु क्यों न सहाय ॥

इति स्वयंभूस्तोत्र ॥

दौलतराम कृत स्तुति।

सकल ज्ञेयज्ञायक तदपि, निजानन्द रसलीन।
सो जिनेंद्र जयवन्त नित, अरिरजरहसि विहीन॥

पद्धरी छन्द

जय वीतराग विज्ञानपूर। जय मोहतिमिरको हरन सूर॥ जय ज्ञान अनन्तानन्तधार। दृगसुख वीरजमंडित अपार॥ २॥ जय परमशांत मुद्रा-समेत। भविजनको निजअनुभूति हेत॥ भवि भागनवश जोगेवशाय। तुमधुनि ह्वै सुनि विभ्रम नशाय॥ ३॥ तुमगुण चिन्तत निजपर विवेक प्रगटै, विघटै आपद अनेक॥ तुम जगभूषण दूषणवियुक्त। सब महिमायुक्त विकल्पमुक्त॥ अविरुद्ध शुद्ध चेतनस्वरूप। परमात्म परम पावन अनूप॥ शुभ अशुभविभावअभावकीन। स्वाभाविकपरिणतिमयअछीन॥ ५॥ अष्टादशदोषविमुक्त धीर। सुचतुष्टयमयराजत गंभीर॥ मुनि गणधरादि सेवत महंत। नवकेवललब्धिमा धरंत॥६॥ तुम शासन सेय अमेय जीव।

शिव गये जाहिं जैहैं सदीव ॥ भवसागरमें दुख-
छार वारि। तारनको और न आप टारि ॥७॥
यह लखि निज दुखगदहरणकाज। तुमही नि-
मित्तकारण इलाज॥ जाने, तातैं मैं शरण
आय। उचरों निज दुख जो चिर लहाय ॥८॥
मैं भ्रम्यो अपनपो विसरि आप। अपनाये वि-
धिफल पुण्यपाप॥ निजको परकौ करता पि-
छान। परमैं अनिष्टता इष्ट ठान ॥ ९ ॥ आकु-
लित भयो अज्ञान धारि। ज्यों मृग मृगतृष्णा
जानि वारि॥ तनपरणतिमें आपो चितार।
कबहूं न अनुभयो स्वपद्सार ॥ १० ॥ तुमको
विन जाने जो कलेश। पाये सो तुम जानतजि-
नेश॥ पशु नारक नर सुर गतिमंझार। भव
धर धर मरयो अनंतवार ॥ ११ ॥ अव काल-
लब्धिवलतैं दयाल। तुम दर्शन पाय भयो खु-
शाल॥ मन शांत भयो मिटि सकलद्वंद। चा-
ख्यो स्वात्मरस दुखनिकंद ॥ १२ ॥ तातैं अव
ऐसी करहु नाथ। विछुरै न कभी तुम चरण

साथ ॥ तुम गुणगणको नहिं छेव देव। जग तारनको तुझ विरद एव ॥ १३ ॥ आतमके अहित विषय कषाय। इनमें मेरी परिणति न जाय ॥ मैं। रहूं आपमें आप लीन। सो करो होहुं ज्यों निजअधीन ॥ १४ ॥ मेरे न चाह कछु और ईश। रत्नत्रयनिधि दीजे मुनीश ॥ मुझ कारजके कारन सु आप। शिव करहु, हरहु मम मोहताप ॥ १५ ॥ शशि शांतकरन तपहरन हेत। स्वयमेव तथा तुम कुशल देत ॥ पीवत पियूष ज्यों रोग जाय। त्यों तुम अनुभवतैं भव नसाय ॥ १६ ॥ त्रिभुवन तिहुंकालमंझार कोय। नहिं तुमविननिज सुखदायहोय ॥ मोउर यह निश्चय भयो आज। दुखजलधिउतारन तुम जिहाज ॥ १७ ॥

तुम गुणगणमणि गणपती, गणत न पावहिं पार। 'दौल' स्वल्पमति किमि कहै, नमूं त्रियोगसंभार ॥

इति दौलतरामकृत स्तुति ॥

बुधजनकृत स्तुति।

प्रभु पतितपावन मैं अपावन, चरन आयो सरनजी। यो विरद आप निहार स्वामी, मेट जामन मरनजी॥ तुम ना पिछान्या आन मान्या देव विविधप्रकारजी। या बुद्धिसेती निज न जाण्या भ्रम गिण्या हितकारजी॥ १॥ भवविकटवनमें करम वैरी, ज्ञानधर मेरो हरयो। तब इष्ट भूलयो भ्रष्ट होय, अनिष्टगति धरतो फिरयो॥ धन घड़ी यो धन दिवस यो ही, धन जनम मेरो भयो। अब भाग मेरो उदय आयो, दरश प्रभुको लखलयो॥ २॥ छबि वीतरागी नगन मुद्रा, दृष्टि नासापै धरैं। वसु प्रातिहार्य अनंत गुणजुत, कोटि रवि छविको हरैं॥ मिट गयो तिमिर मिथ्यात मेरो, उदयरवि आतम भयो। मो उर हरख ऐसो भयो मनुरंक चिंतामणि लयो॥३॥ मैं हाथ जोड़ नवाय मस्तक बीनऊं तुअ चरनजी। सर्वोत्कृष्ट त्रिलोकपति जिन, सुनहु तारन तरनजी॥ जाचूं नहीं सुर-

वास पुनि नरराज परिजन साथजी। 'बुध' जाचहू तुम भक्ति भवभव, दीजिये शिवनाथजी ॥

भूधरकृत स्तुति।

हरिगीतिका।

पुलकंत नयन चकोर पक्षी, हंसत उर इंदीवरो। दुर्बुद्धि चकवी विलख विछुरयो, निविड़ मिथ्यातम हरो ॥ आनंद अंबुज उमग उछरयो, अखिल आतम निरद । जिनवदन पूरनचंद्र निरखत, सकल मनवांछित फले ॥१॥ मम आज आतम भयो पावन, आज विघन विनाशिया। संसारसागर नीर निवट्यो अखिल तत्त्व प्रकाशिया ॥ अब भई कमला किंकरी मम, उभय भव निर्मल ठये। दुखजरयो दुर्गति वास निवरयो, आज नव मंगल भये ॥ २ ॥ मनहरन मूरति हेरि प्रभू को, कौन उपमा लाइये। मम सकल तनके रोम हुलसे, हर्ष और न पाइये ॥ कल्याणकाल प्रतच्छ प्रभुको लखे, जो सुर नर घने। तिह समयकी आनंद महिमा,

कहत क्यों मुखसों वने ॥ ३ ॥ भर नयन निरखे नाथ तुमको, और वांछा ना रही । मन उर मनोरथ भये पूरन, रंक मानो निधि लही ॥ अव होउ भव भव भक्ति तुम्हरी, कृपा ऐसी कीजिये । कर जोर 'भूधरदास' विनवै, यही वर मोहि दीजिये ॥ ४ ॥

भूधरकृत दूसरी स्तुति ।

अहो ! जगत्गुरु एक, सुनियो अरज हमारी । तुम हो दीनदयाल; मैं दुखिया संसारी ॥ १ ॥ इस भव वनमें वादि, काल अनादि गमायो । भ्रमत चहूंगति माहिं, सुख नहिं दुख वहु पायो ॥ २ ॥ कर्म महारिपु जोर, एक न कान करै जी । मन मान्यां दुख देहिं काहुंसों न डरै जी ॥ ३ ॥ कवहुं इतर निगोद, कवहुं नर्क दिखावै । सुरनर पशुगतिमाहिं; वहुविधि नाच नचावै ॥ ४ ॥ प्रभु ! इनके परसंग; भव भव-माहिं वुरे जी । जे दुख देखे देव ! तुमसों नाहीं दुरे जी ॥ ५ ॥ एक जनमकी बात, कहि न

सकों सुनि स्वामी ! । तुम अनंत परजाय, जानत अन्तरयामी ॥ ६ ॥ मैं तो एक अनाथ, ये मिलि दुष्ट घनेरे । कियो बहुत वेहाल, सुनियो साहिब मेरे ॥७॥ ज्ञान महानिधि लूटि रंक निवल करि डारयो । इनहीं तुम मुझ मांहिं, हे जिन ! अन्तर पारयो ॥ ८ ॥ पाप पुन्यकी दोइ, पायनि वेरी डारी तन कारागृह मांहिं मोहि दिये दुःख भारी ॥ ९ ॥ इनको नेक विगार, मैं कछु नाहिं कियो जी । विनकारन जग वंद्य ! बहुविधि वैर लियो जी ॥ १० ॥ अब आयो तुम पास, सुनि जिन ! सुजस तिहारो । नीति निपुन महराज ! कीजे न्याव हमारो ॥ ११ ॥ दुष्टन देहु निकार, साधुनको रख लीजै । विनवै भूधरदास, हे प्रभु ! ढील न कीजै ॥ १२ ॥

भूधरकृत गुरुस्तुति ।

वंदौं दिगंवर गुरुचरन जग, तरन तारन जान ।
जे भरम भारी रोगको, हैं राजवैद्य महान ॥ १ ॥
जिनके अनुग्रह विन कभी, नहिं कटै कर्मजंजीर

ते साधु मेरे उर बसहु, मेरी हरहु पातक पीर ।
यह तन अपावन अथिर है, संसार सकल असार।
ये भोग विष पकवानसे, यह भांति शोच विचार
तपविरचि श्रीमुनि वनवसेसब छाड़ि परिगहभीर
ते साधु मेरे मन वसो मेरो हरहु पातक पीर ।२।
जे काच कंचन सम गिनहि,अरि मित्र एक सरूप
निंदा बड़ाई सारिखो, बनखंड शहर अनूप ॥
सुखदुःख जीवनमरनमें, नहि खुशी नहि दिलगीर
ते साधु मेरे उरवसो, मेरी हरहु पातक पीर ।३।
जे बाह्य परवत वनबसैं, गिरिगुफा महल मनोग ।
सिलसेज, समतासहचरी,शशिकिरनदीपक जोग ॥
मृगमित्र, भोजन तप मई, विज्ञान निरमलनीर ।
ते साधु मेरे मन वसो, मेरी हरहु पातक पीर ।४।
सूखहिं सरोवर जलभरे, सूखहिं तरंगिनि-तोय ।
बाटहि बटोही ना चलैं, जँह घाम गरमी होय ॥
तिहंकालमुनिवरतपतपहिं,गिरिशिखरठाढे धीर ।
ते साधु मेरे उर वसो, मेरी हरहु पातक पीर ।५।
घनघोर गरजहिं घनघटा, जलपरहिंपावसकाल ।

चहुंओर चमकइ बीजुरी, अति चलै सीरीब्याल ॥
तरुहेठ तिष्ठहिं तब जती, एकांत अचलशरीर ।
ते साधु मेरे मन वसो, मेरी हरहु पातक पीर ।६।
जब शीतमास तुषारसों, दाहै सकल बनराय ।
जब जमै पानी पोखरां, थरहरै सबकी काय॥
तब नगन निवसैं,चौहटै, अथवा नदीके तीर ।
ते साधु मेरे उर वसो, मेरी हरहु पातक पीर ।७।
करजोर 'भूधर' बीनवै, कबमिलहिं वे मुनिराज।
यह आश मनकी कब फलौ,मम सरहिं सगरेकाज
संसार बिषम विदेशमें, जे विना कारण वीर ।
ते साधु मेरे उर बसो, मेरी हरहु पातक पीर ॥८॥

इति भूधरकृत गुरुस्तुति ॥

अथ भूधरकृत दूसरी गुरुस्तुति ।

राग भरतरी दोहा ।

ते गुरु मेरे मन बसो, जे भवजलधि जहाज
आप तिरैं पर तार हीं, ऐसे श्रीऋषिराज ॥
ते गुरु० ॥ १ ॥ मोह महारिपु जानिकै छांड्यो
सब घरबार। होय दिगम्बर वन बसे, आतम

शुद्ध विचार ॥ ते गुरु० ॥ २ ॥ रोग उरग-बिल
वपु गिरायों, भोग भुजङ्ग समान । कदली तरु
संसार है, त्याग्यो सब यह जान ॥ ते गुरु० ॥३॥
रतनत्रय निधि उर धरैं, अरु निरग्रन्थ त्रिकाल।
मार्‌यो कामखवीसको, स्वामी परम दयाल ॥
ते गुरु० ॥ ४ ॥ पंच महाव्रत आदरैं, पांचों
सुमति समेत । तीन गुपति पालैं सदा, अजर
अमर पद हेत ॥ ते गुरु०॥५॥ धर्म धरैं दशलच्-
णी भावैं भावनासार । सहैं परीषह वीस द्वै, चा-
रित-रतन-भण्डार ॥ ते गुरु० ॥६॥ जेठ तपै रवि
आकरो सूखैं सर वर नीर शैल-शिखर मुनि तप
तपैं, दाझैं नगन शरीर ॥ ते गुरु०॥ ७ ॥ पावस
रैन डरावनी, वरसै जल, धर-धार । तरुतल निवसैं
साहसी, बाजै झंझावार ॥ ते गुरु०॥८॥ शीत पड़ै
कपि-मद गले, दाहै सब वनराय । ताल तरं-
गनिके तटैं, ठाड़े ध्यान लगाय ॥ ते गुरु० ॥९॥
इह विधि दुद्धर तप तपैं, तीनों कालमंझार ।
लागे सहज सरूपमें, तनसों ममत निवार ॥ ते

गुरु० ॥ १० ॥ पूरव भोग न चिन्तवैं, आगम वांछैं नाहिं। चहुंगतिके दुखसों डरैं, सुरति लगी शिवमाहिं ॥ ते गुरु० ॥ ११ ॥ रङ्गमहलमें पौढ़ते, कोमल सेज बिछाय। ते पच्छिम निशि भूमिमें स.वैं संवरि काय ॥ ते गुरु० ॥ १२ ॥ गज चढ़ि चलते गरबसों, सेना सजि चतुरङ्ग। निरखि निरखि पगते धरैं, पालैं करुणा अङ्ग ॥ ते गुरु० ॥ १३ ॥ वे गुरु चरण जहां धरैं, जगमें तीरथ जेह। सो रज मम मस्तक चढ़ो, भूधर मांगै एह ॥ ते गुरु० ॥ १४ ॥

इति भूधरकृत दूसरी गुरुस्तुति ॥

नाथूरामप्रेमीकृत सरस्वतीस्तवन।

शिखरिणी।

जगन्माता ख्याता जिनवरमुखांभोजउदिता।
भवानी कल्याणी मुनिमनुजमानी प्रमुदिता ॥
महादेवी दुर्गा दरनि दुखदाई दुरगती।
अनेका एकाकी द्वययुतदशांगी जिनमती ॥१॥
कहैं मातः! तोकों यदपि सबही नादिनिधना।

कथंचित् तौ भी तूं उपजि विनशै यों विवरना ॥
धरे नाना जन्म प्रथमजिनके बाद अबलों।
भयो त्यों विच्छेद-प्रचुर तुव लाखों वरषलों ।२।
महावीर स्वामी जब सकलज्ञानी मुनि भये ॥
विड़ौजांके लाये समवसृतमें गौतम गये ॥
तबै नौकारूपा भवजलधि मांहीं अवतरी ।
अरूपा निर्वर्णा विगतभ्रम सांची सुखकरी ॥३॥
करै जैसैं मेघ ध्वनि मधुर त्यों ही निरखरी।
खिरी प्यारी प्राणी ग्रहण निजभाषामहं करी ॥
गणेशोंने झेली बहुत दिन पाली मुनिवर ।
रही थी पै तौलों तिन हृदयमें ही घरकर ॥४॥
अवस्था कायाकी दिन दिन घटी दीखन लगी।
तथा धीरे धीरे सुबुधि विनशी अंगश्रुतकी ॥
तबै दो शिष्योंको सुगुरु धरसेनार्य मुनिने।
पढ़ाया कर्म—प्राभृत सुखद जाना जगतने ॥५॥
उन्हींने हे मातः! लिखि लिपि करी अक्षरवती।
संवारी ग्रंथोंमें श्रुततिथि मनाई सुखवती ॥
सहारा देते जो नहिं तुमहिं वे यों तिहिं समै।

सदाको सो जाती जग-जलधि-गंभीर-तलमैं ॥६॥
भये पीछे नामी मुनि तिन बचाई विघनतें।
हजारों ग्रंथोंमें रचि रचि रची चारु रुचितें॥
प्रसारी देशोंमें वर त्रिविध भाषामय करी।
लुभाये मिथ्याती लखि विशद युक्तीयुत खरी ॥७॥
नहीं ऐसा कोई विषय जगमें बुद्धिगत है।
तिहारो जो प्यारो नहिं विमल आभूषण अहै॥
लजैं अन्यावाणी रुचिर तुव ये रूप लखिकें।
धुनैं माथा हा! हा! करहि चुप होवैं विलखिकैं॥
धरैं हैं जो प्रानी नित जननि! तोको हृदयमैं।
करैं हैं पूजा वा मन वचन काया करि नमैं॥
पढ़ावैं देवैं जो लिखि २ तथा ग्रंथ लिखवा।
लहैं ते निश्चैसों अमरपदवी मोक्ष अथवा ॥८॥
थके देवेंद्रादी स्तवन नहिं तेरो कर सके।
करैं तो मा! कैसे हम नित अविद्याकर छके॥
तथापि त्वद्भक्तो करत अति उत्साहित हमें।
किये तातें 'प्रेमी' पदवरन एकत्र तुकमें ॥१०॥

इति सरस्वती स्तवन॥

अथ जिनवाणी माताकी स्तुति ।

सवैया मत्तगयंद ।

वीरहिमाचलतें निकरी, गुरुगौतमके मुख कुंड ढरी है । मोहमहाचल भेद चली, जगकी जड़-तातप दूर करी है ॥ ज्ञानपयोनिधि मांहि रली, बहु भंग तरंगनिसों उछरी है । तो शुचि शार-दगंगनदीप्रति, मैं अंजुरी करि सीस धरी है ।१।
या जगमंदिरमें अनिवार, अज्ञान अंधेर छयो अतिभारी । श्रीजिनकी धुनि दीप शिखा-सम जो नहिं होत प्रकाशनहारी । तो किस भांति पदारथपांति, कहां लहते रहते अविचारी । या विधि संत कहें धनि हैं २ जिन बैन बड़े उपकारी । जावानीके ज्ञानतैं, सूझहि लोक अलोक सो वानी मस्तक चढ़ौ, सदा देतहूं धोक । १ ।

निर्वाणकाण्ड ।

दोहा ।

वीतराग बंदौं सदा, भावसहित सिरनाय ।
कहूं कांड निर्वाणकी, भाषा सुगम बनाय ।१।

चोपाई १५ मात्रा।

आष्टापदआदीसुर स्वामि। बासुपूज्य चंपापुरि नामि॥ नेमिनाथस्वामी गिरनार। बंदौं भाव भगति उरधार।२। चरम तीर्थंकर चरम शरीर। पावापुरि स्वामी महावीर॥ शिखरसमेद जिनेसुर वीस। भाव सहित बन्दौं निशदीस॥३॥ वरदतराय रु इन्द मुनिन्द। सायरदत्त आदिगुणबृन्द॥ नगरतारवर मुनि उठिकोडि। वंदौं भावसहित कर जोड़ि॥४॥ श्रीगिरिनारशिखर विख्यात। कोड़ि बहत्तर अरु सौ सात॥ संबुप्रदुम्नकुमर द्वै भाय। अनिरुध आदि नमूं तसुपाय॥ ५॥ रामचन्द्रके सुत द्वै वीर। लाड नरिंद आदि गुणधीर॥ पांच कोडि मुनि मुक्ति मझार। पावागिरि बन्दौं निरधार॥ ६॥ पांडव तीन द्रविडराजान। आठकोडि मुनि मुकति पयान॥ श्रीशत्रुजयगिरिके सीस। भावसहित बन्दौं निशदीस॥ ७॥ जे बलभद्र मुकतिमें गये। आठकोडि मुनि औरहिं भये॥ श्रीगज-

पन्थशिखर सुविशाल । तिनके चरण नमूं तिहु=
काल ॥ ८ ॥ राम हनू सुग्रीव सुडील । गयगवा-
ख्य नील महानील ॥ कोडि निन्याणवै मुक्ति-
पयान । तुङ्गीगिरि बन्दौं धरि ध्यान ॥९॥ नंग
अनंग कुमार सुजान । पांचकोडिअरु अर्ध प्रमान
॥ मुक्ति गये सिद्धनागिरिशीश । ते वन्दौं त्रिभु-
वनपति ईश ॥१०॥ रावणके सुत आदि कुमार।
मुक्ति गये रेवातट सार। कोड़ि पंच अरु लाख पचा-
स ते वंदौं धरि परम हुलास।११। रेवानदी सिद्ध-
वरकूट । पश्चिमदिशा देह जँह छूट ॥ द्वै चक्री
दश कामकुमार । ऊठकोडि बन्दौं भवपार ।१२।
वड़वानी वड़नगर सुचङ्ग । दक्षिण दिश गिरि-
चूल उतङ्ग ॥ इन्द्रजीत अरु कुम्भ जु कर्ण । ते
वन्दौं भवसागरतर्न ।१३। सुवर्णभद्र आदि मुनि
चार । पावागिरिवर शिखर मझार ॥ चलना नदी
तीरके पास । मुक्ति गये बन्दौं नित तास ॥१४॥
फल होडीबडगाम अनूप । पश्चिमदिशा द्रोण-
गिरिरूप ॥ गुरुदत्तादि मुनीसुर जहां । मुक्ति

गये बन्दौं नित तहां ॥ १५ ॥ बाल महाबाल मुनि दोय। नागकुमार मिलें त्रय होय ॥ श्रीअष्टापद मुक्तिमझार। ते बन्दौं नित सुरत संभार ।१६। अचलापुरकी दिश ईशान। तहां मेढ़गिरि नाम प्रधान ॥ साढे तीन कोटि मुनिराय। तिनके चरण नमूं चितलाय ॥ १७ ॥ वंसस्थल वन के ढिंग होय। पश्चिमदिशा कुन्थुगिरि सोय ॥ कुलभूषण दिशभूषण नाम। तिनके चरणनि करूं प्रणाम ॥ १८ ॥ जसरथराजाके सुत कहे। देशकलिंग पांचसौ लहे ॥ कोटि शिला मुनि कोटिप्रमान। बन्दन करूं जोर जुगपान ॥१९॥ समवसरण श्रीपार्श्वजिनन्द। रेसंदीगिरिनयनानन्द ॥ वरदत्तादि पञ्च ऋषिराज। ते बन्दौं नित धरमजिहाज ॥ २० ॥ तीन लोकके तीरथ जहां। नितप्रति बन्दन कीजे तहां ॥ मन वच कायसहित सिरनाय। बन्दन करहिं भविक गुण गाय। २१। संवत सतरहसौ इकताल। आश्विनसुदि दशमी सुविशाल ॥ " भैया " बन्दन

करहिं त्रिकाल । जय निर्वाणकांड गुणमाल ।२२।

इति ॥

अलोचना पाठ ।

दोहा ।

बन्दौं पांचों परम गुरु, चौवीसौ जिनराज ।
कहूं शुद्ध आलोचना, शुद्धकरनके काज ॥ १ ॥

सखी छन्द (१४) मात्रा ।

सुनिये जिन अरज हमारी । हम दोष किये अति भारी ॥ तिनकी अब निर्वृति काजा । तुम शरण लही जिनराजा ॥२॥ इक वे ते चउ इन्द्री वा । मन रहित सहित जे जीवा ॥ तिनकी नहिं करुणा धारी । निरदई ह्वै घात विचारी ॥ ३ ॥ समरम्भ समारम्भ आरम्भ । मनवचतन कीने प्रारम्भ । कृत कारित मोदन करिकै । क्रोधादि चतुष्टय धरिकैं ॥ ४ ॥ शत आठ जु इम भेदन तैं । अघ कीने परछेदन तैं ॥ तिनकी कहु कोलौं कहानी तुम जानत केवलज्ञानी ॥ ५ ॥ विपरीत एकांत विनयके । संशय अज्ञान कुनयके ॥ वश

होय घोर अघ कीने। वचतैं नहिं जात कहीने ॥ ६ ॥ कुगुरुनकी सेवा कीनी। केवल अदया करि भीनी ॥ या विध मिथ्यात भ्रमायो। चहु गति मधि दोष उपायो ॥ ७ ॥ हिंसा पुनि झूठ जु चोरी। परवनितासों दृगजोरी ॥ आरम्भ परिग्रह भीनो। पुनपाप जु या विधि कीनो ॥ ८ ॥ सपरस रसना घ्राननको। चखु कान विषय सेवनको ॥ बहुकरम किये मन मानो। कछु न्याय अन्याय न जानो ॥ ९ ॥ फल पंच उदंवर खाये। मधु मांस मद्य चित चाहे ॥ नहिं अष्ट मूल गुणधारी। विसन जु सेये दुखकारी ॥ १० ॥ दुइ वीस अभख जिन गाये। सो भी निशिदिन भुञ्जाये। कछु भेदा भेद न पायो। ज्यौं त्यों करि उदर भरायो ॥ ११ ॥ अनंतान जु बन्धी जानो प्रत्याख्यान अप्रत्याख्यानो ॥ संज्वलन चौकरी गुनिये। सब भेद जु षोडश मुनिये ॥ १२ ॥ परिहास अरति रति शोग। भय ग्लानि तिवेद-संजोग ॥ पनवीस जु भेद भये इम। इनके वश

पाप किये हम ॥१३॥ निद्रा वश शयन कराई। सुपनेमधि दोष लगाई ॥ फिर जागि विषयवन धायो। नाना विधि विष फल खायो ॥१४॥ किये अहार निहार विहारा। इनमें नहीं जतन विचारा ॥ विन देखी धरी उठाई। विन शोधी भोजन खाई ।१५। तवहीं परमाद सतायो। वहुविधि विकलप उपजायो ॥ कछु सुधिवुधि नाहिं रही है। मिथ्या मति छाय गई है ॥ १६ ॥ मरजादा तुम ढिग लीनी। ताहू मैं दोपजु कीनी ॥ भिन २ अव कैसैं कहिये। तुम ज्ञान विपय सव पइये ॥ १७ ॥ हा! हा! मैं दुष्ट अपराधी। त्रस जीवन राशि विराधी ॥ थावरकी जतन न कीनी। उरमें करुणा नहिं लीनी ॥ १८ ॥ पृथ्वी वहु खोद कराई। महालादिक जांगा चिनाई। पुन विन गाल्यो जल ढोल्यो। पंखाते पवन विलोल्यो ॥ १९ ॥ हा! हा! मैं अदयाचारी। वहु हरितकाय जु विदारी ॥ या मधि जीवनके खंदा। हम खाये धरि आनन्दा ॥ हा! मैं परमाद वसाई। विन देखे अगनि जलाई॥

तामधि जे जीव जु आये । तेहू परलोक सिधाये ॥ २१ ॥ वीध्यो अन राति पिसायो । ईंधन विन सोधि जलायो ॥ झाड़ू ले जांगा वुहारी । चींटी आदिक जीव विदारी ॥ २२ ॥ जल छानि जीवानी कीनी । सोहू पुनि डारि जु दीनी ॥ नहिं जल थानक पहुंचाई । किरिया विन पाप उपाई ।२३। जल मल मोरिन गिरवायो । कृमि कुल वहु घात करायो ॥ नदियन विच चीर धुवाये । कोसनके जीव मारये ।२४। अन्नादिक शोध कराई तामैं जु जीव निसराई ॥ तिनका नहिं जतन कराया । गरियालैं धूप डराया ॥२५॥ पुनि द्रव्य कमावन काज । वहु आरंभ हिंसा साज ॥ कीये तिसना वश भारी । करुणा नहिं रंच विचारी ॥ २६ ॥ इत्यादिक पाप अनंता । हम कीने श्री भगवन्ता ॥ संतति चिरकाल उपाई वानीतैं कहिय न जाई ॥ २७ ॥ ताको जु उदय जव आयो । नाना विधि मोहि सतायो ॥ फल भुंजत जिय दुखः पावै । वचतैं कैसे करि गावै

॥ २८ ॥ तुम जानत केवल ज्ञानी । दुख दूर करो शिवथानो ॥ हम तो तुम शरण लही है । जिन तारन विरद सही है ॥२९॥ जो गांवपती इक होवै । सो भी दुखिया दुख खोवै ॥ तुम तीन भुवनके स्वामी । दुख मेटो अंतरजामी ॥३०॥ द्रोपदिको चीर वढायो । सीताप्रति कमल रचायो ॥ अंजनसे किये अकामी । दुख मेटो अंतरजामी ॥३१॥ मेरे अवगुन न चितारो । प्रभु अपनो विरद ॥ निहारो सब दोपरहित करि स्वामी । दुख मेटहु अंतरजामी ॥३२॥ इंद्रादिक पदवी न चाहूं । विषयनिमें नाहिं लुभाऊं ॥ रागादिक दोष हरीजे । परमातम निजपद दीजे ॥

दोहा ।

दोष रहित जिनदेवजी, जिनपद दीज्यो मोहि ।
सब जीवनके सुख बढ़ै, आनन्द मंगल होय ॥
अनुभवमाणिक पारखी, जोंहरी आप जिनन्द ।
येही वर मोहि दीजिये, चरन सरन आनन्द ॥

इति आलोचनापाठ समाप्त ॥

सामायिक पाठ ।

१ । प्रतिक्रमण कर्म ।

काल अनन्त भ्रम्यों जगमें सहिये दुख भारी ।
जन्ममरण नित किये पापको ह्वै अधिकारी ॥
कोड़ि भवांतरमाहिं मिलन दुर्लभ सामायकं ।
धन्य आज मैं भयो योग मिलियो सुखदायक ॥
हे सर्वज्ञ जिनेश किये जे पापजु मैं अव ।
ते सव मनवचकाय योगकी गुप्तिविना लभ ॥
आप समीप हजूरमाहिं मैं खड़ो खड़ो सव । दोष
कहूं सो सुनो करो नठ दुःख देहिं जव ॥२॥
क्रोध मान मद लोभ मोह मायावशि प्रानी । दुःख
सहित जे किये दया तिनकी नहि आनी ॥ विना
प्रयोजन एकेंद्रिय वि ति चउ पंचेंद्रिय । आपप्र-
सादहि मिटै दोष जो लग्यो मोहि जिय ॥ ३ ॥
आपसमें इक ठौर थापि करि जे दुख दीने । पेलि
दये पग तलैं दावकरि प्राण हरीने ॥ आप जग-
तके जीव जिते तिन सवके नायक । अरज करौं
मैं सुनो दोष मेटो दुखदायक ॥४॥ अंजन आ-

दिक् चोर महा घनघोर पापमय। तिनके जे अपराध भये ते छिमा छिमा किय। मेरे जे अब दोष भये ते छिमो दयानिधि। यह पड़िकोणो कियो आदि षट कर्ममाहिं विधि॥ ५॥

२ प्रत्याख्यानकर्म।

जो प्रमादवशि होय विराधे जीव घनेरे। तिनको जो अपराध भयो मेरे अघ ढेरे॥ सो सब झूठो होउ जगतपतिके परसादै। जाप्रसादतैं मिलै सर्वसुख, दुःख न लाधैं॥६॥ मैं पापी निर्लज्ज दयाकरि हीन महाशठ। किये पाप अतिघोर पापमति होय चित्त दुठ॥ निंदूं हूं मैं वारवार निज जियको गरहूं। सबविध धर्म उपाय पाय फिर पापहि करहूं॥७॥ दुर्लभ है नरजन्म तथा श्रावककुल भारी। सतसंगति संयोग धर्म जिन श्रद्धाधारी॥ जिनवचनामृतधार समावर्तै जिनवानी। तौहू जीव संहारे धिक धिक धिक हम जानी॥८॥ इंद्रियलंपट होय खोय निज ज्ञान जमा सब। अज्ञानी जिम करै तिसी विधि हिंसक ह्वै अब॥

गमनागमन करंतो जीव विराधे भोले । ते सब दोष किये निंदूं अब मनवच तोले ॥६॥ आलोचनविध थकी दोष लागे जु घनेरे । ते सब दोष विनाश होऊतुमतैं जिन मेरे ॥ वारवार इस भांति मोह मद दोष कुटिलता । ईर्षादिकतैं भये निंदिये जे भयभीता ॥१०॥

२ सामायिककर्म ।

सब जीवनसैं मेरे समताभाव जग्यो है । सब जिय मो सम समता राखो भाव लग्यो है ॥ आर्त्त रौद्र द्वय ध्यान छांड़ि करिहूं सामायक ॥ संयम मो कब शुद्ध होय यह भाव वधायक ।११। पृथिवी जल अरु अग्नि वायु चउ काय वनस्पति । पांचहि थावरमाहिं तथा त्रस जीव बसहिं जित ॥ वे इंद्रिय तिय चउ पंचेंद्रिमाहिं जीव सब । तिनतैं क्षमा कराऊं मुझपर क्षमा करो अब ॥१२॥ इस अवसरमैं मेरे सब सम कंचन अरु त्रण । महल मसान समान शत्रु अरु मित्र हि सम गण ॥ जामन मरण समान जानि हम

समता कीनी। सामायिकका काल जिते यह भाव नवीनी ॥१३॥ मेरो है इक आतम तानैं ममत जु कीनो। और सबहिं मम भिन्न जानि समता रसभीनौ। मातु पिता सुत बंधु मित्र तिय आदि सबै यह। मोतैं न्यारे जानि जथारथरूप कर्यो गह ॥१४॥ मैं अनादि जगजालमाहिं फंसि रूप न जाण्यो। एकेंद्रिय दे आदि जंतुको प्राण हराण्यो॥ ते अब जीवसमूह सुनो मेरी यह अरजी। भवभवको अपराध छिमा कीज्यो करि मरजी॥ १५ ॥

४। स्तवनकर्म।

नमूं ऋषभ जिनदेव अजित जिन जीत कर्मको।
शंभव भवदुखहरण करण अभिनंद शर्मको।
सुमति सुमतिदातार तार भवसिंधु पार कर।
पद्मप्रभ पद्माभ भानि भवभीति प्रीतिधर ॥१६॥
श्रीसुपार्श्व कृतपासनाश भव जास शुद्ध कर।
श्रीचंद्रप्रभ चंद्रकांतिसम देहकांतिधर॥ पुष्पदंत दमि दोषकोष भविपोष रोषहर। शीतल शीतल

करन हरन भवताप दोषहर ॥१७॥ श्रेयरूप जिन श्रेय धेय नित सेय भव्यजन। वासुपूज्य शतपूज्य वासवादिक भवभय हन॥ विमल विमलमतिदेन अंतगत है अनंत जिन। धर्म शर्म शिवकरण शांति जिन शांतिविधायिन॥ १८॥ कुंथु कुंथु मुखजीवपाल अरनाथ जाल हर। मल्लि मल्लसम मोहमल्लमारण प्रचारधर॥ मुनिसुव्रत व्रतकरण नमत सुरसंघहि नमि जिन। नेमिनाथ जिन नेमि धर्मरथ माहिं ज्ञानधन ॥१६॥ पार्श्वनाथ जिन पार्श्व उपलसम मोक्ष रमापति। वर्द्धमान जिन नमूं वमूं भवदुःख कर्मकृत॥ या विध में जिनसंघरूप चउवीस संख्यधर। स्तऊं नमूं हूं बारबार वंदौं शिवसुखकर ॥२०॥

५। वंदनाकर्म।

वंदूं मैं जिनवीर धीर महावीर सुसन्मति। वर्द्धमान अतिवीर वंदिहों मनवचतनकृत॥ त्रिशलातनुज महेश धीश विद्यापति वंदूं। वंदूं नितप्रति कनकरूपतनु पाप निकंदूं ॥२१॥ सिद्धारथनृपनंद

द्वंद् दुखदोष मिटावन। दुरित दवानल ज्वलित ज्वाल जगजीवउधारन॥ कुंडलपुरकरि जन्म जगतजियआनंदकारन। वर्ष बहत्तरि आयु पाय सब ही दुख टारन। २२। सप्तहस्त तनु तुंग भंगकृत जन्म मरण भय। बालब्रह्ममय ज्ञेय हेय आदेय ज्ञानमय॥ दे उपदेश उधारि तारि भवसिंधु जीवघन। आप वसे शिवमाहिं ताहि बंदौं मनवचतन ॥२३॥ जाके वंदनथकी दोष दुख दूरहि जावै। जाके बंदनथकी मुक्तितिय सन्मुख आवै। जाके बंदनथकी वंद्य होवैं सुरगनके। ऐसे वीर जिनेश बंदि हूं क्रमयुग तिनके ॥२४॥ सामायिक षट्कर्ममाहिं बंदन यह पंचम। बंदौं वीर जिनेंद्र इंद्रशतवंद्य वंद्य मम॥ जन्म मरण भय हरो, करो अघ शांति शांतिमय। मैं अघकोष सुपोष दोषको दोष विनाशय ॥२५॥

६। कायोत्सर्गकर्म।

कायोत्सर्ग विधान करूं अंतिम सुखदाई। काय त्यजनमय होय काय सबकों दुखदाई॥ पूरब

दक्षिण नमूं दिशा पश्चिम उत्तरमैं। जिन गृह वंदन करूं हरूं भव पापतिमिर मैं॥ २६॥ शिरोनती मैं करूं नमूं मस्तक कर धरिकैं। आवर्त्तादिक क्रिया करूं मनवचमद हरिकैं॥ तीन लोक जिनभवन माहिं जिन हैं जु अकृत्रिम। कृत्रिम हैं द्वयअर्द्धदीपमाहीं वंदौ जिम॥२७॥ आठ कोड़ि परि छप्पन लाख जु सहस सत्याणू। चार शतक पर असी एक जिनमंदिर जाणू॥ व्यंतर ज्योतिष माहिं संख्यरहिते जिनमंदिर। जिन गृह वंदन करु हरहु मम पाप संघकर॥ २८॥ सामायिक सम नाहिं और कोउ बैर मिटायक। सामायिक सम नाहिं और कोउ मैत्री दायक॥ श्रावक अणुव्रत आदि अन्त सप्तम गुणथानक। यह आवश्यक किये होय निश्चय दुख हानक॥ जे भवि आतम काज करण उद्यमके धारी। ते सब काज विहाय करो सामायिक सारी॥ राग द्वेष मद मोह क्रोध लोभादिक जे सब। बुद्ध महाचंद्र विलाय जायं तातैं कीज्यो अब॥३०॥

पञ्च मंगल ।

पणविवि पंच परमगुरु, गुरु जिनसासनो ।
सकलसिद्धिदातार सु, विघनविनासनो ॥
सारद अरु गुरु गौतम, सुमति प्रकाशनो ॥
मंगलकर चउ-संघहिं, पापपणासनो ॥
पापहिंपणासन गुणहिं गरुवा, दोष अष्टादश-रहिउ ।
धरिध्यान करमविनासि केवल, ज्ञान अविचल जिन लहिउ ॥
प्रभु पंचकल्याणक विराजित, सकल सुर नर ध्यावहीं ।
त्रैलोकनाथ सु देव जिनवर, जगत मंगल गावहीं ॥१॥

१। गर्भकल्याण ।

जाके गरभकल्याणक, धनपति आइयो ।
अवधिज्ञान—परवान, सु इंद्र पठाइयो ॥
रचि नव बारह जोजन, नयरि सुहावनी ।
कनकरयणमणिमंडित, मंदिर अति बनी ॥
अति बनी पौरि पगार परिखा, सुवन उपवन सोहए ।
नर नारि सुन्दर चतुरभेख सु, देख जनमन मोहए ॥
तहं जनकगृह छहमास प्रथमहिं, रतनधारा वरसियो ।
पुनि रुचिकवासिनि जननि सेवा, करहिं सब विधि हरसियो ॥
सुरकुंजरसम कुंजर, धवल धुरंधरो ।
केहरि केसरशोभित, नख सिखसुन्दरो ॥

कमलाकलस---न्हवन, दुइदाम सुहावनी।
रविससिमंडल मधुर, मीन जुग पावनी॥
पावनी कनक घट जुगम पूरन, कमलकलित सरोवरो।
कल्लोलमालाकुलित सागर, सिंहपीठ मनोहरो॥
रमणीक अमरविमान फणिपति—भुवन भुवि छवि छाजये।
रुचि रतन रासि दिपंत दहन सु, तेजपुंज विराजये॥ ३॥
ये सखि सोरह सुपने सूती सयनहीं।
देखे माय मनोहर, पच्छिम-रयनहीं॥
उठि प्रभात पिय पूछियो, अवधि प्रकासियो।
त्रिभुवनपति सुत होसी, फलतिहं भासियो॥
भासियो फल तिहिं चिंति दंपत्ति, परम आनंदित भये।
छहमासपरि नवमास पुनि तहं, रैन दिन सुखसों गये॥
गर्भावतार महंत महिमा, सुनत सब सुख पावहीं।
भणि 'रूपचंद' सुदेव जिनवर जगत मंगल गावहीं॥ ४॥

२। जन्मकल्याणक।

मतिश्रुतअवधिविराजित, जिन जब जनमियो।
तिहूंलोक भयो छोभित सुरगन भरमियो॥
कल्पबासिघर घंट, अनाहद बज्जियो।
जोतिषघर हरिनाद, सहज गल गज्जियो॥
सहजहि शंख भावन भुवन शब्द सुहावने।

विंतरनिलय पटु पटह वज्जहिं कहत महिमा क्यों बने ॥
कंपित सुरासन अवधिवल जिन-जनम निहचै जानियो ।
धनराज तब गजराज माया-मयी निरमय आनियो ॥ ५ ॥

जोजन लाख गयंद, वदन-सौ निरमए ।
वदन वदन वसु दंत, दंत सर संठए ॥
सर सर सौ-पनवीस, कमलिनी छाजहीं ।
कमलिनि कमलिनि कमल, पचीस विराजहीं ॥
राजहीं कमलिनी कमलऽठोतर, सौ मनोहर दल बने ।
दलदलहिं अपछर नटहिं नवरस, हावभाव सुहावने ॥
मणि कनककिंकणि वर विचित्र, सु अमरमंडप सोहए ।
घन घंट चंवर धुजा पताका, देखि त्रिभुवन मोहए ॥ ६ ॥

तिंहि करि हरि चढ़ि आयउ, सुरपरिवारियो ।
पुरिहि प्रदच्छन दे त्रय, जिन जयकारियो ॥
गुप्त जाय जिन-जननिहिं, सुखनिद्रा रची ।
मायामइ सिसु राखि तौ, जिन आन्यो सची ॥
आन्यो सची जिनरूप निरखत, नयन तृपत न हूजिये ॥
तब परम हरषित, हृदय हरिने सहस लोचन पूजिये ॥
पुनि करि प्रणाम जु प्रथम इंद्र, उछंग धरि प्रभु लीनऊ ।
ईसानइंद्र सु चंद्रछवि सिर, छत्र प्रभुके दीनऊ ॥ ७ ॥

सनतकुमार महेंद्र, चमर दुइ ढारहीं ।

शेष सक्र जयकार, शब्द उच्चारहीं ॥
उच्छवसहित चतुरविधि, सुर हरषित भये।
जोजन सहस निन्यानवै, गगन उलंघि गये ॥

लंघि गये सुरगिरि जहां पांडुक,-वन विचित्र विराजहीं।
पांडुकशिला तहं अर्धचंद्रसमान, मणि छवि छाजहीं ॥
जोजन पचास विशाल दुगुणायाम, वसु ऊंची गनी।
वर अष्ट मंगल-कनक कलसनि सिंहपीठ सुहावनी ॥ ८ ॥

रचि मणिमंडप सोभित, मध्य सिंहासनो ।
थाप्यो पूरब मुख तहं, प्रभु कमलासनो ॥
बाजहिं ताल मृदंग, वेणु वीणा घने ।
दुंदुभि प्रमुख मधुरधुनि, अवर जु बाजने ॥

बाजने बाजहिं सचीं सब मिलि, धवल मंगल गावहीं ।
पुनि करहिं नृत्य सुरांगना सब, देव कौतुक धावहीं ॥
भरि छीरसागर जल जु हाथहिं, हाथ सुर गिरि ल्यावहीं ।
सौधर्म अरु ईसानइंद्र सु, कलस ले प्रभु न्हावहीं ॥ ९ ॥

वदन-उदर-अवगाह, कलसगत जानिये।
एक चार वसु जोजन, मान प्रमानिये ॥
सहस-अठोतर कलसा, प्रभुके सिर ढरै ।
सिंगार प्रमुख आचार सबै करै ॥

करि प्रगट प्रभु महिमामहोच्छव, आनि पुनि मातहिं दए।
धनपतिहिं सेवा राखि सुरपति, आप सुरलोकहिं गए॥
जनमाभिषेक महंत महिमा, सुनत सब सुख पावहीं।
भणि 'रूपचंद' सुदेव जिनवर जगत मंगल गावहीं॥ १०॥

३। तप कल्याणक।

श्रमजल रहित सरीर, सदा सब मलरहिउ।
छीर वरन—वर रुधिर, प्रथम आकृति लहिउ॥
प्रथम सार संहनन, सुरूप विराजहीं।
सहज सुगन्ध सुलच्छन, मंडित छाजहीं॥
छाजहिं अतुलबल परम प्रिय हित, मधुर वचन सुहावने।
दस सहज अतिशय सुभग मूरति, बाललील कहावने॥
आबाल काल त्रिलोकपति मन,-रुचिर उचित जु नित नए।
अमरोपनीत पुनीत अनुपम, सकल भोग विभोगए॥ ११॥
भवतन-भोग-विरत्त, कदाचित चित्तए।
धन जीवन पिय पुत्त, कलत्त अनित्तए॥
कोउन सरन मरन दिन, दुख चहुगति भरयो।
सुख दुख एकहि भोगते, जिय विधिवस परयो॥
परयो विधिवस आन चेतन, आन जड जु कलेवरो।
तन असुचि परतैं होय आस्रव, परिहरेतैं संवरो॥
निरजरा तपबल होय, समकित,-विन सदा त्रिभुवन भम्यो।

दुर्लभ विवेक विना न कबहूं, परम धरमविषै रम्यो ॥ १२ ॥

ये प्रभु बारह पावन, भावन भाइया ।
लौकांतिक वरदेव, नियोगी आइया ॥
कुसुमांजलि दे चरन, कमल सिर नाइया ।
स्वयंबुद्ध प्रभु थुतिकरि, तिन समुझाइया ॥
समुझाय प्रभुको गये निजपुर, पुनि महोच्छव हरि कियो ।
रुचिरुचिरचित्र विचित्र सिविका, कर सुनंदन-वन लियो ॥
तहं पंचमुष्टी लोंच कीनो, प्रथम सिद्धनि नुति करी ।
मंडिय महाव्रत पंच दुद्धर, सकल परिग्रह परिहरी ॥ १३ ॥

मणिमय भाजन केस, परिट्ठिय सुरपति ।
छीर-समुद-जल खिपकरि, गयो अमरावती ॥
तप संयमबल प्रभुको, मनपरजय भयो ।
मौनसहित तप करत, काल कछु तहं गयो ॥
गयो कछु तहं काल तपबल, रिद्धि वसु विधि सिद्धिया ।
जसु धर्मध्यानबलेन खयगय, सप्त प्रकृति प्रसिद्धियां ॥
खिपि सातवेंगुण जतनबिन तहं, तीन प्रकृति जु बुधि बढिउ ।
करि करण तीन प्रथम सुकलबल, क्षिपकसेनी प्रभु चढिउ ॥१४॥

प्रकृति छतीस नवें-गुण, थान विनासिया ।
दसवें सूच्छमलोभ, प्रकृति तहं नासिया ॥
सुकल ध्यान पद दूजो पुनि प्रभु पूरियो ।

बारहवें-गुण सोरह, प्रकृति जु चूरियौ ॥
चूरियौ त्रेसठ प्रकृति इहविध, घातिया करमनि तणी ।
तप कियो ध्यानप्रयंत बारह-विध त्रिलोकसिरोमणी ॥
निःक्रमण कल्याणक सु महिमा, सुनत सब सुख पावहीं ।
भणि 'रूपचंद' सुदेव जिनवर, जगत मंगल गावहीं ॥ १५ ॥

४। ज्ञानकल्याणक।

तेरहवें गुण—थान, संयोगि जिनेसुरो ।
अनंतचतुष्टयमंडित, भयो परमेसुरो ॥
समवसरन तब धनपति, बहुविधि निरमयो ॥
आगमजुगतिप्रमान, गगनतल परिठयो ॥
परिठयो चित्र विचित्र मणिमय, सभामंडप सोहए ।
तिहिं मध्य बारह बने कोठे, बैठ सुरनर मोहए ॥
मुनि कलपबासिनि अरजिका पुनि, ज्योति-भौमि-भवनतिया ।
पुनि भवन व्यंतर नभग सुर नर, पसुनि कोठे बैठिया ॥१६॥
मध्यप्रदेस तीन, मणिपीठ तहां बने ।
गंधकुटी सिंहासन, कमल सुहावने ॥
तीन छत्र सिर सहित त्रिभुवन मोहए ।
अंतरीच्छ, कमलासन, प्रभुतन सोहए ॥
सोहए चौसठि चमर ढरत, असोकतरु तल छाजए ।
पुनि दिव्यधुनि प्रतिसबद्जुत तहं, देवदुंदुभि बाजए ॥

सुरपुहुपवृष्टि सुप्रभामंडल, कोटि रवि छवि छाजए।
इमि अष्ट अनुपम प्रातिहारज, वर विभूति विराजए॥ १७॥

दुइसै जोजनमान सुभिच्छ चहूं दिसो।
गगन गमन अरु प्राणी,-वध नहिं अहनिसी।
निरुपसर्ग निरहार, सदा जगदोसए।
आनन चार चहूं दिसि, सोभित दीसए॥

दीसय असेम विसेस विद्या, विभव वर ईसुरपना।
छायाविवर्जित सुद्ध फटिक समान तन प्रभुका वना॥
नहि नयन पलक पतन कदाचित, केस नख सम छाजहीं।
ये घातियाछयजनित अतिसय, दस विचित्र विराजहीं॥१८॥

सकल अरथमय मागधि—भाषा जानिये।
सकल जीवगत मैत्री—भाव वखानिये॥
सकल रितुज फलफूल वनस्पति मर हरै।
दरपनसम मनि अवनि, पवन गति अनुसरै॥

अनुसरै परमानंद सबको, नारि नर जे सेवता।
जोजन प्रमाण धरा सुमार्जहिं, जहां मारुतदेवता॥
पुनि करहिं मेघकुमार गंधो,-दक सुवृष्टि सुहावनी।
पदकमलतर सुर खिपहिं कमलसु, धरणि ससिशोभा वनी॥१६॥

अमल गगन तरु अरु दिस, तहं अनुहारहीं।
चतुरनिकाय देवगण, जय जयकारहीं॥

धर्मचक्र चले आगे, रवि जहं लाजहीं।
पुनि भृंगार-प्रमुख वसु, मंगल राजहीं॥
राजहीं चौदह चारु अतिशय, देव रचित सुहावने।
जिनराज केवलज्ञानमहिमा, अवर कहत कहा बने॥
तव इंद्र आय कियो महोच्छव, सभा सोभा अति बनी।
धर्मोपदेश दियो तहां, उच्चरिय वानी जिनतनी॥ २०॥
छुधा तृषा अरु राग, द्वेष असुहावने।
जनम जरा अरु मरण, त्रिदोष भयावने॥
रोग सोग भय विस्मय, अरु निद्रा घनी।
खेद स्वेद मद मोह, अरति चिंता गनी॥
गनिये अठारह दोष तिनकरि, रहित देव निरञ्जनो।
नव परमकेवललब्धिमण्डित, सिवरमनि-मनरंजनो॥
श्रीज्ञानकल्याणक सुमहिमा, सुनत सब सुख पावहीं।
भणि 'रूपचंद' सुदेव जिनवर, जगत मंगल गावहीं॥

५। निर्वाण कल्याणक।

केवलदृष्टि चराचर, देख्यो जारिसो।
भव्यनिप्रति उपदेस्यो, जिनवर तारिसो॥
भवभयभीत भविकजन सरणै आइया।
रत्नत्रयलच्छन सिवपंथ लगाइया॥
लगाइया पंथ जु भव्य पुनि प्रभु, तृतिय सुकल जु पूरियो।

तजि तेरहें गुणथान जोग, अजोगपथपग धारियो ॥
पुनि चौदहे चौथे सुकलबल बहत्तर तेरह भती ।
इमि घाति वसुविधि कर्म पहुंच्यो समयमें पंचमगती ॥ २२ ॥

लोकसिखर तनुवात,—वलयमहं संठियो ।
धर्मद्रव्यविन गमन न जिहि आगैं कियो ॥
मयनरहित मूषोदर, अंबर जारिसो ।
किमपि हीन निजतनुतैं, भयो प्रभु तारिसो ॥
तारिसो पर्जय नित्य अविचल, अर्थपर्जय छनछयी ।
निश्चयनये अनंतगुण, विवहार नयं वसुगुणमयी ॥
वस्तु स्वभाव विभावविरहित सुद्ध परणति परिणयो ।
चिद्रूप परमानंदमंदिर, सिद्धपरमातम भयो ॥ २३ ॥

तनुपरमाणू दामिनिपर, सब खिर गये ।
रहे शेष नखकेस-रूप, जे परिणये ॥
तव हरिप्रमुख चतुरविधि, सुरगण शुभसच्यो ।
मायामइ नखकेस रहित, जिनतनु रच्यो ॥
रचि अगर चंदन प्रमुख परिमल, द्रव्यजिन जयकारियो ।
पदपतित अगनिकुमार मुकुटानल, सुविधि संस्कारियो ॥
निर्वाणकल्याणक सुमहिमा, सुनत सब सुख पावहीं ।
भणि 'रूपचन्द' सुदेव जिनवर, जगत मंगल गावहीं ॥ २४ ॥

मैं मतिहीन भगतिवस, भावन भाइया ।

'मंगलगीतप्रबंध' सु, जिनगुण गाइया ॥
जो नर सुनहिं बखानहिं सुर धरि गावहीं।
मनवांछित फल सो नर, निहचै पावहीं ॥
पावहीं आठो सिद्धि नवनिधि, मन प्रतीत जो लावहीं।
भ्रमभाव छूटै सकल मनके, निजस्वरूप लखावहीं ॥
पुनि हरहिं पातक टरहिं विघन, सु होहिं मंगल नित नये।
भणि 'रूपचंद' त्रिलोकपति जिनदेव चउसंघहिं गये ॥ २५॥

इति रूपचंदकृत पंचमंगल समाप्त ॥

हरजसराय कृत अभिषेक पाठ।

दोहा।

जय जय जयवंते सदा, मंगलमूल महान।
वीतराग सर्वज्ञ प्रभु, नमौं जोरि जुगपान ॥

ढाल मंगलकी छंद गीता और अडिल्ल।

श्रीजिन जगमें ऐसो, को बुधवंत जू।
जो तुम गुणवरननि, करि पावै अंत जू ॥
इंद्रादिक सुर चार,—ज्ञानधारी मुनी।
कहि न सके तुम गुणगण, हे त्रिभुवनधनी ॥
अनुपम अमित तुम गुणनि वारिधिं, ज्यों
अलोकाकाश है। किमि धरैं हम उरकोशमें सो

अकथ गुणमणिराशि है ॥ पै निज प्रयोजन-सिद्धिकी तुम नामहीमें शक्ति है । यह चित्तमें सरधान यातैं, नामहीमें भक्ति है ॥१॥

ज्ञानावरणी दर्शनआवरणी भने ।
कर्ममोहनी अन्तराय चारों हने ॥
लोकालोक विलोको केवलज्ञानमें ।
इंद्रादिकके मुकुट नये सुरथानमें ॥

तव इंद्र जान्यो अवधितैं, उठि सुरनयुत बंदत-भयो । तुम पुन्यको प्रेरचो हरी ह्वै, मुदितधन-पतिसौं चयो ॥ अब वेगि जाय रचौ समवसृति, सफल सुरपदकौं करौ । साक्षात श्रीअरहंतके, दर्शन करौ कल्मषहरो ॥२॥

ऐसे वचन सुने सुरपतिके धनपती ।
चल आयौ ततकाल, मोद धारे अती ॥
वीतराग छवि देखि, शब्द जय जय चयौ ।
दै प्रदच्छिणा बार बार, बंदत भयो ॥

अति भक्तिभीनो नम्रचित ह्वै, समवसरण रच्यौ सही । ताकी अनूपम शुभगतीको, कहन

समरंथ कोउ नही ॥ प्राकार तोरण सभामंडप कनक मणिमय छाजही। नग-जड़ित गंधकुटी मनोहर, मध्यभाग विराजही ॥३॥

सिंहासन तामध्य, वन्यो अद्‌भुत दिपै।
तापर वारिज रच्यो प्रभा दिनकर छिपै ॥
तीन छत्र सिर शोभित, चौसठ चमरजी।
महाभक्तियुत ढोरत है, तहां अमरजी ॥

प्रभु तरन तारन कमल ऊपर, अन्तरोच्छ विराजिया। यह वीतरागदशा प्रतच्छ, विलोकि भविजन सुख लिया ॥ मुनि आदि द्वादश सभाके, भवि जीव मस्तक नायकैं। वहु भांति वारंवार पूजैं, नमैं गुणगण गायकैं ॥४॥

परमौदारिक दिव्य देह पावन सही।
छुधा तृषा चिंता भय गद दूषण नही ॥
जन्म जरा मृति अरति शोक विस्मय नसै।
राग द्वेष निद्रा मद, मोह सवै खसै ॥

श्रम विना श्रमजलरहित पावन, अमल जोतिस्वरूपजी ॥ शरणागतनिकी अशुचिता हरि,

करत विमल अनूपजी ॥ ऐसे प्रभूकी शांतिमुद्रा, को न्हवन जलतैं करैं। 'जस' भक्तिवश मन उक्तितैं हम, भानु ढिंग दीपक धरैं ।५।

तुम तो सहज पवित्र, यही निश्चय भयो।
तुम पवित्रता हेत, नहीं मज्जन ठयो ॥
मैं मलीन रागादिक, मलतैं ह्वै रह्यो।
महा मलिन तनमैं वसु,विधिवश दुख सह्यो॥

बीत्यो अनंतो काल यह, मेरी अशूचिता ना गई। तिस अशुचिताहर एक तुम ही भरहु वांछा चित ठई ॥ अब अष्ट कर्म विनास सब मल,—रास रागदिक हरो। तनरूप कारागेहतैं उद्धार, शिव-वासा करो ॥ ६ ॥

मैं जानत तुम अष्ट कर्म हरि शिव गये।
आवागमन विमुक्त राग वर्जित भये॥
पर तथापि मेरो मनरथ पूरत सही।
नय प्रमान तैं जानि महा साता लही॥

पापाचरण तजि न्हवन करतौ, चित्तमैं ऐसे धरूं। साक्षात श्रीअरहंतको, मानौं न्हवन पर-

सन करूं ॥ ऐसे विमल परिणाम होतैं, अशुभ परणति नासतैं। विधि अशुभ नसि शुभबंधतैं, ह्वै शर्म सब विधि तासतैं ॥ ७ ॥

पावन मेरे नयन, भये तुम दरसतैं।
पावन पानि भये तुम, चरननि परसतैं ॥
पावन मन ह्वै गयो, तिहारे ध्यानतैं।
पावन रसना मानी, गुणगण गानतैं ॥

पावन भई परजाय मेरी, भयौ मैं पूरणधनी। मैं शक्तिपूर्वक भक्ति कीनी, पूर्ण भक्ति नहीं बनी ॥ धन धन्यते बड़भागि भवि, तिन नीव शिवघरकी धरी। वर क्षीरसागर आदि जलमणि, कुंभ भरि भक्तो करी ॥८॥

विघनसघनवनदाहन, दहन प्रचंड हो।
मोह महातम दलन, प्रबल मारतंड हो ॥
ब्रह्मा विष्णु महेश, आदि संज्ञा धरो।
जगविजयी जमराज, नाश ताको करो ॥

आनंदकारण दुःखनिवारण, परम मंगलमय सही मोसो पतित नहिं और तुमसो, पतिततार सुन्यो

नही ॥ चिंतामणी पारस कलपतरु, एक भव सुखकार ही। तुम भक्तिनवका जे चढ़ैं ते भये भवदधि पार ही ॥९॥

दोहा।

तुम भवदधितैं तरि गये, भये निकल अविकार।
तारतम्य इस भक्तिको, हमैं उतारो पार ॥१०॥

इति हरजसराय कृत अभिषेकपाठ ॥

—:०:—

अथ पंचामृत—अभिषेकपाठ।

श्रीजिनवर चौबीस वर, कुनयध्वांतहर भान।
अमितवीर्यदृगबोधसुख, युत तिष्ठौ इह थान ॥१॥

नाराच छंद।

गिरीश सीस पांडुपै, सचीस ईस थापियो।
महोत्सवो अनंदकंदको, सवै तहां कियो॥
हमैं सो शक्ति नाहिं, व्यक्त देखि हेतु आपना।
यहां करैं जिनेंद्रचंद्रकी सुबिंबथापना ॥२॥

(पुष्पांजलि क्षेपण करके श्रीवर्णपर जिनबिंबकी स्थापना करना)

सुंदरीछंद।

कनक कुंभ सुहावने। हरि सुछीर भरे

अति पावने। हम सुवासित नीर यहां भरैं।
जगत पावन-पांय तरैं धरैं ॥ ३ ॥

(पुष्पांजलि क्षेपण करके वेदीके कोनोंमें चार कलशोंकी स्थापना)

हरिगीताछंद।

शुद्धोपयोग समान भ्रमहर, परम सौरभ पावनो।
आकृष्ट भृंगसमूह गंग-समुद्भवो अति भावनो॥
मणिकनककुंभ निसुंभकिल्बिष, विमल शीतल
भरि धरों। श्रम स्वेदमल निरवार जिन, त्रय-
धार दे पांयनि परों ॥ ४ ॥

(शुद्ध जलको तीन धारा जिनबिंबपर छोड़ना)

अति मधुर जिनधुनिसम सुप्राणित, प्राणिवर्ग
स्वभावसों। वुधचित्तसम हरिचित्त नित्त, सुमिष्ट
इष्ट उछावसों। तत्काल इक्षुसमुत्थप्रासुक रत्न
कुंभविषं भरों। यमत्रासतापनिवार जिन त्रयधार
दे पांयनि परौं ॥ ५ ॥

